# भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.
## अवध प्रान्त

# अवध विहान

## डिजिटल पत्रिका

अंक—द्विविंशति पुष्प, अक्टूबर 2023












# अवध—विहान

## संरक्षक

**मा. यतीन्द्र शर्मा जी**
अ.भा. सहसंगठन मंत्री
विद्या भारती

## मार्गदर्शक मण्डल

**मा. हेमचन्द्र जी**
क्षेत्रीय संगठन मंत्री
विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0 क्षेत्र

**मा. हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव जी**
अध्यक्ष
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. डॉ. महेन्द्र कुमार जी**
मंत्री
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. रामजी सिंह जी**
प्रदेश निरीक्षक
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. सुरेश कुमार सिंह जी**
सम्भाग निरीक्षक (सीतापुर सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

**मा. अवरीश कुमार जी**
सम्भाग निरीक्षक (साकेत सम्भाग)
भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

## सम्पादक मण्डल

### प्रधान सम्पादक

**डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह**
प्रान्त प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.

### सहसम्पादक

**श्रीमती निधि द्विवेदी**
प्रधानाचार्य
स.बा.वि.म..इ.का., सरस्वती नगर
रायबरेली

**श्रीमती शिप्रा बाजपेई**
प्रधानाचार्य
स.ध.स.वि.बा.इ.का.
लखीमपुर—खीरी

### विशेष सहयोग

**जितेन्द्र पाण्डेय**
प्रान्त सोशल मीडिया प्रमुख
अवध प्रान्त

# सम्पादक की कलम से –



अक्टूबर माह (अश्विन माह) व्रत एवं त्योहारों का माह होता है और इन त्योहारों में हमारी सनातन संस्कृति दिखाई देती है। इन्हीं त्योहारों में नवरात्रि का त्योहार भी एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुतः नवरात्र अंतः शुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। अपने अंदर ऊर्जा जगाना ही देवी उपासना का मुख्य प्रयोजन है। इसमें व्यक्ति व्रत रखता है। इस व्रत को रखने से दो फायदे होते हैं। पहला, डॉक्टर के अनुसार सप्ताह में एक बार व्रत रखने से आंतों को भोजन पचाने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। शरीर दबे हुए रोगों को निकलने का प्रयास करता है। इसलिए इन दिनों रोग बढ़ जाते हैं। आयुर्वेद इस अवसर को शरीर शोधन के लिए विशेष उपयोगी मानता है। आयुर्वेद की धारणा है कि पाचन क्रिया की खराबी से ही शारीरिक रोग होते हैं। क्योंकि हमारे खाने के साथ जहरीले तत्व भी हमारे शरीर में जाते हैं। व्रत से पाचन प्रणाली ठीक होती है। दूसरा कारण धार्मिक आस्था है । इसी आस्था से जुड़ा है नवरात्रि में कन्या पूजन का। कन्याओं में जो कन्या जन्म के बाद एक वर्ष पूर्ण कर लेती है वह कुंवारी कहलाती है। दो वर्ष की कन्या को कुमारी कहा जाता है। तीन वर्ष की कन्या को त्रिमूर्ति कहा गया है। चार वर्ष की कन्या को कल्याणी, पांच वर्ष की कन्या रोहिणी, छः वर्ष की कन्या कालका, सात वर्ष की कन्या मां चंडिका, आठ वर्ष की कन्या मां शाम्भवी का स्वरूप है। नौ वर्ष की कन्या को साक्षात दुर्गा का स्वरूप मानते हैं और दस वर्ष की कन्या को देवी सुभद्रा का स्वरूप मानते हैं। इस सभी रूपों की पूजा करने पर सभी मनवांछित कामनाएं पूर्ण होती है ऐसी मान्यता है। अपने सभी सुधि पाठकों से कहना है कि यह माह हर्षोल्लास का है परंतु अपने ऊपर संयम रखकर ही सभी कार्य करें। मां दुर्गा से प्रार्थना है कि सभी के घर सुख समृद्धि से भरे हो।

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके ।

शरण्ये त्रयंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते ।।



**डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह**

**प्रधान सम्पादक**

**पं0 दीनदयाल उपाध्याय स.वि.म.इ.का.**

**लखीमपुर–खीरी**

# लखनऊ संकुल




# मातृ भारती का गठन किया गया







सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज इन्दिरा नगर लखनऊ में मातृ भारती गठन के कार्यक्रम में शामिल भैया और बहनो की  माताओं और बहनो का विद्यालय परिवार की ओर से बहुत बहुत स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संगीतमयी वादन के साथ माननीय मुख्य अतिथि श्री सन्तोष सिंह जी (प्रमुख वैदिक गणित),श्रीमती बेला खन्ना(नूतन मुस्कान संस्था ) श्रीमती वैशाली जी तथा विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्री गोपाल राम जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्प चढा कर कार्यक्रम को गति प्रदान की,इस अवसर पर विद्यालय में मेहदी प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमे बहनो,आचार्या बहनो ,माताओं ने बढ चढ कर भागीदारी की।



# वैदिक गणित कार्यशाला का आयोजन हुआ






सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इंदिरा नगर लखनऊ में क्षेत्रीय वैदिक गणित कार्यशाला का उद्घाटन किया गया जिसमें वैदिक गणित के अखिल भारतीय प्रमुख माननीय श्री देवेंद्र राव देशमुख जी ने दीप जलाकर कार्यशाला का उद्घाटन किया । कार्यक्रम में वैदिक गणित के क्षेत्र प्रमुख श्री संतोष कुमार सिंह जी , सह क्षेत्रीय प्रमुख श्री श्याम मनोहर जी एवं विद्यालय के प्रबंधक श्री मदन मोहन गुप्त जी व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोपाल राम जी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर पुष्पार्चन किया। इस कार्यक्रम में गोरक्ष प्रांत काशी प्रांत अवध प्रांत एवं कानपुर प्रांत के नगरीय शिक्षा के संकुल प्रमुख,सह संकुल प्रमुख तथा ग्रामीण शिक्षा के जिला प्रमुख व सह प्रमुखों ने सहभाग किया। क्षेत्रीय वैदिक गणित कार्यशाला के द्वितीय दिवस में रामानुजन कार्नर का सुभारम्भ किया गया जिसके बाद वैदिक गणित के अनेक प्रयोग करवाये गये जिसमे




विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया,तत्पश्चात अखिल भारतीय वैदिक गणित प्रमुख माननीय श्री देवेंद्र राव देशमुख जी ने दीप जला कर अपना उद्‌बोधन दिया तथा कार्यशाला का समापन किया । कार्यक्रम में वैदिक गणित के क्षेत्र प्रमुख श्री संतोष कुमार सिंह जी , सह क्षेत्रीय प्रमुख श्री श्याम मनोहर जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोपाल राम जी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर पुष्पार्चन किया। इस कार्यक्रम में गोरक्ष प्रांत काशी प्रांत अवध प्रांत एवं कानपुर प्रांत के नगरीय शिक्षा के संकुल प्रमुख,सह संकुल प्रमुख तथा ग्रामीण शिक्षा के जिला प्रमुख व सह प्रमुखों ने सहभाग किया।धन्यवाद क्षेत्रीय वैदिक गणित प्रमुख श्री संतोष कुमार जी ने किया।














# अधिकारियों का प्रवास









सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज में आज पूर्व प्रचारक और जम्मू कश्मीर के पूर्व संगठन मंत्री श्री प्रदीप गुप्त तथा विद्या भारती के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री ललित विहार गोस्वामी जी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए सीएसआर ( कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी ) के राष्ट्रीय मंत्री श्री प्रदीप गुप्त जी ने मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की सराहना करते हुए बताया की वे मुस्लिम देशों के प्रलोभन को ठुकरा कर, हमेशा भारत देश के लिए समर्पित रहे डॉक्टर कलाम ,अपने वतन और अपनी माटी को खुदा की इबादत मानते हुए जीवन पर्यंत भारत की सेवा करते रहे । आए हुए अतिथि महानुभावों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर शैलेश मिश्र ने अंग वस्त्र अर्पित कर किया । भारतीय शिक्षा समिति अवध प्रांत के अध्यक्ष का स्वागत विद्यालय





के प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने किया । प्रधानाचार्य जी ने हृदय की गहराइयों से सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन करते हुए भैया बहनों को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी तथा कहा कि आप सब अपनी अध्ययन शीलता को बनाए रखे उसे कम न होने दें । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती भावना जी ने किया तथा उप प्रधानाचार्य श्री आशीष अग्रवाल ने अतिथियों का परिचय कराया ।







सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर क्यू अलीगंज लखनऊ में आज पूर्व प्रचारक , विद्या भारती के पूर्व संगठन मंत्री तथा वर्तमान में पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के सेवा कार्य में तत्प ऋषि तुल्य माननीय योगेश कुमार जी ने वंदना सभा में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर मां की वंदना की । आदरणीय योगेश जी ने अपने उद्‍बोधन में अपने प्रचारक जीवन का अनुभव बताते हुए सत्य घटना पर आधारित खुद की कमाई का महत्व बताया । अपनी बचत से एक बैंक खाता खोलने के लिए भैया बहनों को प्रेरित किया । इस बचत से स्वयं के कार्य के साथ साथ समर्पण भाव से सेवा कार्य में सहयोगी बनने को भी प्रेरित किया । छात्र सांसदों तथा कन्या भारती की बहनों के साथ प्रधानाचार्य सहित सहभोज किया तथा मेल जोल बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह ने भैया बहनों से उनकी किसी भी समस्या के लिए मिलने की बात की तथा अनुशासन बनाए रखने को कहा ।

# अयोध्या संकुल

## संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

अयोध्या संकुल की संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं डॉ. भीमराव अम्बेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान स्पोर्टस स्टेडियम अयोध्या में सम्पन्न हुयी। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त भैया–बहिनों को साकेत संभाग के संभाग निरीक्षक श्री अवरीश कुमार जी ने पुरस्कृत किया।

















# सीतापुर संकुल

## वैज्ञानिक प्रफुल्लचन्द्र राय याद किये गये



सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां, सीतापुर के विद्यालय में विज्ञान सप्ताह के तीसरे दिवस पर देश के महान वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र राय का जीवन परिचय एवं देश हित में किए गए उनके आविष्कार एवं खोजों के बारे में विद्यालय के आचार्य श्रीमान अमित कुमार जी के द्वारा भैया बहनों को विस्तार से बताया एवं समझाया गया। आज वंदना सभा मेंकक्षा द्वितीय में पढ़ने वाले भैया अविरल सिंह का जन्मदिन भी मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसिया जी द्वारा भैया को जन्मदिवस प्रमाण पत्र भी प्रदान कर उनके यशस्वी एवं दीर्घायुजीवन की मंगल कामना के साथ साथ जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की गई।

## संकुल स्तरीय विज्ञान मेला सम्पन्न



संकुल स्तरीय विज्ञान मेला सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज केशव नगर महोली में संपन्न हुआ। इस विज्ञान मेले में सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां ,सीतापुर के विद्यालय के भैया /बहनों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने सीतापुर संकुल में शिशु मंदिर बिसवां ,विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी विजेता भैया /बहनों को विद्यालय के यशस्वी प्रबंधक श्रीमान दिनेश चंद्र गुप्त जीएवं प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसिया जी की ओर से बहुत–बहुत बधाई एवं शुभ आशीर्वाद दिया गया। इसके साथ–साथ सभी भैया बहनों को भविष्य मे परीक्षा की तैयारी करने एवं प्रांतीय ज्ञान विज्ञान मेलाप्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, परिश्रम एवं लगन के साथ तैयारी करने का प्रयास करेंगे, ऐसा शुभ संदेश दिया गया । भैया बहनों की तैयारी में लगे सभी सम्मानित आचार्यों को प्रधानाचार्य जी की ओर से बहुत–बहुत बधाई एवं साधुवाद।

# हिन्दी दिवस मनाया गया



सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर में मां सरस्वती की वंदना के पश्चात हिंदी दिवस का कार्यक्रम प्रधानाचार्य श्रीमान रामानुज चौरसियाजी के दिशा निर्देशन में मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य हिंदी प्रमुख श्री रामचन्द्रजी ने हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी के महत्व पर भैया / बहनों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी द्वारा सभी भैया बहनों को हिंदी में काम करने बोलने एवं लिखने पर बल देने के लिए कहा। हिंदी हमारी मातृभाषा है मातृभाषा का सम्मान हमेशा करना चाहिए ऐसा संदेश भैया बहनों को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शिशुभारती प्रमुख आचार्य श्री पुष्पेंद्रजी ने किया। हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर चतुर्थ से अष्टम तक के भैया बहनों की अखिल भारतीयनिबंध प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। भैया बहनों के निबंध लिखने में बहुत ही जोश एवं उत्साह देखने को मिला। हिंदी दिवस का समापनकार्यक्रम कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

# स्वच्छता की गयी





गांधी जी एवं शास्त्री की जयंती के शुभ अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर पुरवारी टोला बिसवां सीतापुर के विद्यालय में आचार्य बंधुएवं आचार्या बहनों के द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गमलों की स्वच्छता एवं पेड़ पौधों की सूखी पत्तियां,घास निकाल कर व्यवस्थित किया गया साथ में पानी की टंकी की सफाई करवाई गई। स्वच्छता कार्यक्रम में सभी बंधु/ बहनों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।




# पुरस्कार वितरण के साथ प्रान्तीय ज्ञान–विज्ञान मेला सम्पन्न



आनन्दी देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, सीतापुर में आयोजित अवध प्रांत का त्रिदिवसीय प्रांतीय गणित विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव 2023 पुरस्कार वितरण के साथ आज सम्पन्न हो गया। समापन सत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पवन कुमार सिंह चौहान सदस्य, विधान परिषद द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। श्री सिंह ने अपने वकतव्य में कहा कि ये प्रतिभागी भारत का उज्वल भविष्य हैं। इनके कन्धों पर देश निर्माण की जिम्मेदारी है। विद्या भारती के छात्र आज चन्द्रयान अभियान में वैज्ञानिक के रुप में जुड़े हुए हैं। यह विद्या भारती सहित हम सबके के लिए गौरव का विषय है। नगर पालिका सीतापुर की अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने विशिष्ट अतिथि के रुप में समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों मे शिक्षा और संस्कारो का अद्वितीय संगम देखने को मिलता है। यहाँ के अनुशासन को देखकर मैं अभिभूत हूँ। समारोह को सम्बोधित करते हुए भारतीय शिक्षा समिति उ0प्र0 के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह







ने बताया कि इस समारोह में भैया–बहनों की प्रतियोगिताएं प्रायः चार वर्गों ( शिशु वर्ग,बाल वर्ग, किशोर वर्ग तथा तरुण वर्ग) में आयोजित की गईं। प्रथम दिन गणित प्रश्नमंच, विज्ञान प्रश्नमंच, सांस्कृतिक प्रश्नमंच, पत्र–प्रस्तुति, कथा–कथन तथा आशुभाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन गणित मॉडल संयोजन , गणित प्रयोग, गणित प्रदर्श विज्ञान मॉडल संयोजन , विज्ञान प्रयोग, विज्ञान प्रदर्श , आचार्य पत्र प्रस्तुति, मूर्ति कला, तथा लोकनृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले समस्त प्रतिभागियों को अब दिनांक 12 13, 14 अक्टूबर 2023 को सुल्तानपुर में आयोजित क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता करनी है। कार्यक्रम के संयोजक प्रधानाचार्य राम निवास सिंह ने बताया कि 15 सितम्बर 2023 की पूर्वाह्न से प्रारंभ हुए इस महोत्सव में गणित, विज्ञान, तथा संस्कृति बोध परियोजना के अन्तर्गत अवध प्रांत के 13 संकुलों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों ने प्रतिभाग किया है। इस आयोजन में अवध प्रांत के 537 भैया और 279 बहनों ने प्रतिभागिता की है। समारोह में अवध प्रांत के 60 आचार्य, 28 आचार्या बहनें और 8 प्रधानाचार्य संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे।











इसमें विभिन्न व्यवस्थाओं के अन्तर्गत 64 आचार्य/कर्मचारी, भैयाओं ने भी अपना योगदान किया। और समारोह में कुल उपस्थिति 976 रही। सुरेश कुमार सिंह सम्भाग निरीक्षक, सीतापुर ने बताया कि समारोह के तीसरे दिन आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह के अन्त में संस्कृति बोध परियोजना में लखीमपुर संकुल, वैदिक गणित प्रतियोगिता में लखीमपुर संकुल, तथा विज्ञान प्रतियोगिताओं में अम्बडेकरनगर संकुल ने प्रथम स्थान प्राप्त करके शील्ड प्राप्त की। समारोह को सफल बनाने में सुरेश सिंह संभाग निरीक्षक– सीतापुर, अवरीश संभाग निरीक्षक– साकेत, उत्तम जी प्रान्त प्रमुख संस्कृति बोध परियोजना, संतोष कुमार सिंह – प्रांतीय संयोजक (विज्ञान) नीरज कुमार शुक्ल– प्रांतीय संयोजक वैदिक गणित, सुनील कुमार सिंह – प्रांतीय संयोजक (संस्कृति बोध परियोजना) विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र अग्निहोत्री, प्रबंधक श्रीराम रस्तोगी, उपाध्यक्ष भँवर सिंह सहित निर्णायकों के रुप में विभिन्न महाविद्यालयों, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तथा समाज के अलग–अलग क्षेत्रों से आए हुए 53 शिक्षाविदों और कलाकारों का हमें योगदान प्राप्त हुआ है। समारोह को प्रधानाचार्य राम निवास सिंह सहित विद्यालय के समस्त आचार्य, आचार्या बहनें,

कर्मचारीगण और व्यवस्था में लगे छात्रों ने चार दिन तक अनवरत परिश्रम करके कार्यक्रम को सफल बनाया।
















# लखीमपुर संकुल

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी







श्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (यूपी बोर्ड )में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती का कार्यक्रम विद्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रथम सहायक श्री कुंतीश अग्रवाल जी ने मां सरस्वती जी के आगे दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरदोई के जिला प्रचारक श्रीमान रवि जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राजेंद्र प्रसाद ओझा जी ने बताया की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान ग्राम में हुआ था पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय था जो नगला चंद्रभान (फरह मथुरा) के निवासी थे उनकी माता का नाम रामप्यारी था जो धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी पिता रेलवे में जलेसर रोड स्टेशन के सहायक स्टेशन मास्टर थे पंडित जी ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाओ को प्रथम श्रेणी में पास किया तथा कानपुर विश्वविद्यालय से बी ए करते समय राजनीतिक में पदार्पण किया और प्रशासनिक परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी 1935 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका जुड़ा हुआ और 1942 में उन्होंने पूरी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए कार्य करना शुरू कर दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे थे उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्मक मानववाद नामक विचारधारा दी। उन्होंने राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और स्वदेशी जैसी पत्र पत्रिकाओं का प्रारंभ किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रथम सहायक श्री कुंतीश अग्रवाल जी ने बताया की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और शसक्त भारत चाहते थे। राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी भाषा में कई लेख लिखें जो विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। उन्होंने कहा हमें महापुरुषों की जयंतिओ पर उनके एक गुण को ग्रहण करने का संकल्प लेना चाहिए कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा जी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पलिया का रहा दबदबा



दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता लखीमपुर में आयोजित की गयी । जिसमें लखीमपुर खीरी जिले के 13 नगरीय विद्यालयों के भैया/बहिनों ने प्रतिभाग किया । श्री तेज महेन्द्रा सरस्वती शिशु /विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज पलिया के 25 भैया/बहिनों ने प्रतिभाग किया जिसमें कुल 35 मेडल प्राप्त कर अपने माता पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया । शिशु वर्ग के भैया/बहिनों ने 5 रजत पदक , 8 कांस्य पदक प्राप्त किया। बाल वर्ग के भैया/बहिनों ने 2 रजत 10 कांस्य पदक प्राप्त किया । किशोर वर्ग के भैया आलोक यादव ने 100 मीटर में प्रथम, लम्बी कूद में प्रथम, तथा ऊंची कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 2 गोल्ड 1 एक रजत पदक प्राप्त किया । किशोर वर्ग के भैया दीपक यादव ने 800 मीटर में तथा भाला फेक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर 2 रजत पदक प्राप्त किये । विद्यालय की प्रबंध समिति के आदरणीय प्रबंधक राम बचन तिवारी , अध्यक्ष चांद कुमार जैन, सह प्रबंधक शिवपाल सिंह जी, प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह जी ने सभी भैया/बहिनों को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।







# क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण सम्पन्न








पं0 दीनदयाल पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड लखीमपुर खीरी में विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 34 वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगितायें संपन्न हुई। समापन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील भारती जी, प्रदेश निरीक्षक अवध प्रांत राम जी सिंह जी,क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख जगदीश कुमार सिंह जी, उपाध्यक्ष सीबीएसई घनश्याम तोलानी जी, प्रबंधक सीबीएसई बोर्ड रवि भूषण साहनी जी,प्रबंधक यूपी बोर्ड विमल अग्रवाल जी,संकुल प्रमुख योगेंद्र प्रताप सिंह जी व प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी उपस्थित रहे। प्रदेश निरीक्षक अवध प्रांत रामजी सिंह जी ने अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन में उपस्थित सभी भैया बहनों को सकुशल सभी खेल संपन्न होने की बधाई दी उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने सभी खेल







पूरी खेल भावना के साथ खेले हैं इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से बैडमिंटन, शतरंज व टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं हुई। यह प्रतियोगिताएं पंडित दीनदयाल सीबीएसई कैंपस व लालपुर स्टेडियम में संपन्न हुई। इन प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार हैं–टेबल टेनिस बाल वर्ग में बहन श्रेया मिश्रा सरस्वती विद्या मंदिर सुल्तानपुर व भैया अर्जुन पांडे सरस्वती विद्या मंदिर सुल्तानपुर काशी प्रांत ने प्रथम स्थान , किशोर वर्ग में बहन समीक्षा शाक्य पंडित दीनदयाल सीबीएसई लखीमपुर व भैया हरजसप्रीत सिंह सरस्वती विद्या मंदिर सुल्तानपुर ने प्रथम स्थान , तरुण वर्ग में बहन सुविज्ञा कुशवाहा जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर कानपुर व भैया वैभव मौर्य पंडित दीनदयाल सीबीएसई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज बाल वर्ग में इपशिता सक्सेना पंडित दीनदयाल सीबीएसई लखीमपुर व भैया ईशान त्रिपाठी सरस्वती विद्या मंदिर रामबाग बस्ती ने , किशोर वर्ग में बहन वृद्धि लोहिया सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सूर्यकुंड गोरखपुर व भैया तन्मय त्रिपाठी सरस्वती शिशु मंदिर राप्तीनगर गोरखपुर ने व तरुण वर्ग में बहन सुहानी सिंह सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सूर्यकुंड गोरखपुर व भैया शिखर गुप्ता नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर माल्देपुर बलिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन बाल वर्ग में काशी व गोरक्ष प्रांत नगरीय ने बाल वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में कानपुर व काशी प्रांत नगरीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तरुण वर्ग में काशी प्रांत नगरीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय खेल प्रमुख जगदीश कुमार सिंह जी कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों,प्रबंध समिति,प्रधानाचार्यों,आचार्य परिवार व उपस्थित सभी भैया बहनों का आभार व्यक्त किया। प्रदेश निरीक्षक अवध प्रांत श्री राम जी सिंह जी, प्रबंधक रवि भूषण साहनी जी व प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी ने प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी भैया बहनों का उत्साहवर्धन किया व उनको उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामाएं दी।




# प्रान्तीय खेलकूद प्रतियोगिता धूमधाम से सम्पन्न





भारतीय शिक्षा समिति उ0प्र0 द्वारा आयोजित 34वॉ प्रान्तीय खेलकूद समारोह का आयोजन विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज (यू.पी. बोर्ड) लखीमपुर खीरी के द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम गोला रोड़ लखीमपुर–खीरी में किया गया, जिसमें अवध प्रान्त के 12 संकुल के भैया व बहिनों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अभिषेक जी (विभाग प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सीतापुर विभाग), विशिष्ट अतिथि श्री संजय सिंह (असिस्टेन्ट कमिश्नर इण्डस्ट्री) , श्री रामजी सिंह (प्रदेश निरीक्षक, भारतीय शिक्षा समिति उ0प्र0), श्री विमल अग्रवाल (प्रबन्धक, प्रबन्ध समिति), डा0 योगेन्द्र प्रताप सिंह (प्रधानाचार्य) ने मॉ सरस्वती के आगे दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम के उद्घाटन की घोषणा मु0 अतिथि महोदय ने ध्वजारोहण एवं मशाल को जलाकर की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जी ने कहा ऊँचे मनोबल व उत्साह से सभी प्रतिभागी प्रतिभाग करें और विजेता बनें, सम्पूर्ण जीवन ही प्रतिस्पर्धा है,जीवन जीने का तरीका सीखना ही प्रतिस्पर्धा में विजयी होना है। इस अवसर








पर मा0 प्रदेश निरीक्षक जी ने कहा कि विद्या भारती के कई भैया खेलों में राज्य स्तर और विश्व स्तर पर अपने विद्यालय का नाम रोशन कर चुके हैं। विद्या भारती अपने बच्चों का निमार्ण और सर्वांगीण विकास भारत को जग सिर मौर बनाने के लिए करता है। वह दिन दूर नहीं जिस दिन अपना देश विज्ञान और खेल में जगत गुरु बनेगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जी ने कहा कि विवेकानन्द जी ने कहा था– नवयुवकों को एकांत में गीता पढ़नें के बजाय मैदान में फुटबाल खेलना चाहिए, क्योंकि जब मानसिक व शारीरिक विकास होगा तभी हमें गीता का ज्ञान समझ में आयेगा। इस अवसर पर मा0 सुरेश कुमार सिंह जी संभाग निरीक्षक सीतापुर संभाग, श्री अवरीश कुमार सम्भाग निरीक्षक साकेत संभाग, श्री अरविन्द सिंह जी, श्री मुनेन्द्र दत्त शुक्ल जी, श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी, श्री सोमदेव जी प्रान्तीय शारीरिक प्रमुख उपस्थित रहे। आये हुए अतिथियों का आभार डा0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने किया।









भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश अवध प्रांत द्वारा आयोजित चार दिवसीय 34वां प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह का उद्घाटन जनपद लखीमपुर के मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने किया इसमें कुल 12 जिलों की टीमों ने प्रतिभा किया था जिसमें लखीमपुर संकुल 339 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहा अंबेडकर नगर



210 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा और लखनऊ संकुल 148 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहा विजय प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर श्री रवि भूषण सहनी प्रबंधक पंडित दीनदयाल उपाध्याय सीबीएसई श्री विमल अग्रवाल प्रबंधक पंडित दीनदयाल उपाध्याय यूपी बोर्ड, श्री नीरज सिंह जिला संपर्क प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, श्री राम जी सिंह प्रदेश निरीक्षक अवध प्रांत एवं लखीमपुर संकुल के समस्त प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।













# रायबरेली संकुल

## म्हापुरूषों की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी



गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायबरेली में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी कीजयंती धूमधाम से मनाई गई झंडारोहण संघ के पदाधिकारी के द्वारा किया गया साथ में विद्यालय समिति के सदस्य एवं प्रधानाचार्य जी उपस्थित रहे स इसके बाद लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जी के बारे में एक परिचर्चा हुई जिसका विषय था आज के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में दोनों महान सपूतों की प्रासंगिकता स जिसमें आचार्य एवं आचार्या बहनों ने सहभागिता की। प्रधानाचार्य श्रीमान रविंद्र मोहन ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।







# उन्नाव संकुल




## नैतिक व अध्यात्मिक शिक्षा का वर्ग सम्पन्न



स0वि0म0इ0का0गोपीनाथपुरम शुक्लागंज उन्नाव में दो दिवसीय नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा वर्ग की शुरुआत हुई जिसमें अपने पूर्वी उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री मा0 हेमचन्द्र जी ने उदघाटन सत्र में माँ शारदे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया और कार्यक्रम का उदघाटन अपने उदबोधन के साथ किया । परिचय लेने के साथ ही उन्होंने नैतिक मूल्यों व आध्यात्मिक शिक्षा के बारे में विस्तार से चर्चा व विमर्श किया । प्रातः वन्दना से पूर्व उन्होंने विद्यालय प्रांगण में एक पौधा लगाकर वातावरण को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश दिया ।इस अवसर पर सम्भाग निरीक्षक श्री सुरेश जी प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी , प्रधानाचार्य श्री रमेश तिवारी जी , विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री शिव सिंह जी , श्री बीरेश जी , श्री रविशंकर श्रीवास्तव जी , श्री रमेश कुमार सिंह जी कई अन्य अभ्यागत आचार्य उपस्थित रहे ।इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य जी के साथ विद्यालय की NCC के कैडेट्स के द्वारा मा0 संगठन मंत्री जी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात वन्दना सत्र में उपस्थित रहे व अपने पाथेय से आये हुए सभी आचार्यों व प्रधानाचार्यों को नव पथ दर्शाया । इसी






क्रम में मा0 संघठन मंत्री जी विद्यालय के मेधावी भैया बहिनों से भी चर्चा—वार्ता की व उनकी आगामी परीक्षा की तैयारियों के बारे मे बात की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी ने मा0 संगठन मंत्री जी का अंगवस्त्र श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया। प्रधानाचार्य जी ने सभी आये हुए आचार्य प्रतिभागियों को भी डायरी व पेन देकर सम्मानित किया। दोपहर भोजन के उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ । प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार मिश्र जी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।



# हरदोई संकुल

## कापियां दिखाई गयीं

सरस्वती शिशु/विद्या मन्दिर विष्णुपुरी हरदोई में अर्धवार्षिक परीक्षा की कापियां अभिभावकों को दिखाई गयीं व उनसे बेहतर परिणाम व शिक्षा के लिए सुझाव मांगे गये।








# अम्बेडकर नगर संकुल

## संकुल स्तरीय विज्ञान मेला सम्पन्न






शिशु विद्या भारती विद्यालय जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर में आज अंबेडकरनगर संकुल का संकुल स्तरीय ज्ञान विज्ञान मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अनुपमा उपाध्याय प्रधानाचार्य जीजीआईसी आलापुर अंबेडकर नगर, श्री कृष्ण चंद्र मिश्र ए आर पी जहांगीरगंज एवं विद्यालय के प्रबंधक श्री अंजनी कुमार वर्मा जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए हुए भैया बहनों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ओवर ऑल चौंपियनशिप जय बजरंग इंटरमीडिएट कॉलेज रामनगर को प्राप्त हुई, जबकि दूसरा स्थान जय बजरंग पब्लिक इंटर कॉलेज सिपाह रामनगर को तथा तीसरा स्थान विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनटीपीसी टांडा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा आए हुए अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया गया। समापन सत्र में जय बजरंग ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के माननीय मंत्री श्री पवन कुमार वर्मा जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओम प्रकाश सिंह द्वारा किया गया।

# बलरामपुर संकुल




# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

बलरामपुर। संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज रमना पार्क बलरामपुर के विशाल मैदान में किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मन्दिर तुलसीपुर व सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बलरामपुर के मध्य में 100 मी0, 200 मी0, 400 मी0 दौड़, गोला फेक, चक्का फेक प्रतियोगिता हुआ। खेल प्रतियोगिता की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र व हिंदुस्थान संवाददाता अविनाश त्रिपाठी, नव निवार्चित पूरब टोला पश्चिमी के सभासद नन्द लाल तिवारी व विशिष्ट अतिथि डॉ सतीश सिंह, अभिषेक जी, सहित कई पूर्व छात्रगण व सरस्वती शिशु मन्दिर तुलसीपुर प्रधानाचार्य श्री रविंद्र तिवारी, आचार्य श्री ठाकुर प्रसाद जी, मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ साधना श्रीवास्तवा जी ने किया। मंच पर उपस्थित अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राम तीरथ यादव जी ने करते हुए विद्यालय के आगामी योजना को बताया। इसी क्रम में विद्यालय के प्रबंधक डॉ सतीश सिंह ने खेल खेलने से होने वाले फायदा के बारे में विस्तार बताते हुए

कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्व पूर्ण अंग है। खेल से हमारे शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक सभी स्तर पर विकास करने में मदद करता है। सभासद नन्द लाल तिवारी जी सभा को संबोधित करते हुए खेल के महत्व के बारे में बताया। वहीं पत्रकार अविनाश तिवारी जी ने भी खेल के बारे बताते हुए कहा की खेल, जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो हमें शारीरिक तौर पर मजबूत बनाने में मदद करता हैं और अनुशासन रहना सिखाता हैं। इसके पूर्व विद्यालय की बहनों ने आये हुए अतिथियों का स्वागत गीत के माध्यम से किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्र छात्राओं के मध्य खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई जिसमें तुलसीपुर बाल वर्ग की नव्या तिवारी, लवकुश, रीतिका मिश्रा, सौम्य सोनी, ने प्रथम स्थान प्रथम प्राप्त किया। बलरामपुर से तरुण वर्ग में रोहन वर्मा, योगेश प्रताप सिंह, किशोर वर्ग में सृजन पाण्डे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही तुलसीपुर की छात्रों ने शिशु वर्ग में अंश सोनी, लकी सोनी, सुरेश यादव ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बलरामपुर से वंश गुप्ता, आदिति, आयुष प्रजापति, खुशी मिश्रा, देवेश प्रताप सिंह, दिव्यांशी सिंह, अंशु सैनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम बलरामपुर के छात्रों ने किशोर वर्ग, तरुण वर्ग मे अपना परचम लहराया। कार्यक्रम समापन सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य राम तीरथ यादव ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विद्यालय सभी आचार्यगण, कर्मचारी व छात्र– छात्रा मौजूद रहे।





# गोण्डा संकुल

## शिकागो वक्ता दिवस मनाया गया




सरस्वती विद्या मंदिर बड़गांव गोण्डा में शिकागो वक्तृता दिवस धूमधाम से मनाया गया। अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर बड़गांव गोण्डा में आज के अवसर पर मां सरस्वती की वन्दना के तत्पश्चात शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन पर व्यापक प्रकाश डाला गया। वक्ता के रूप में बोलते हुए विधालय के वरिष्ठ आचार्य श्री रविन्द्र जी ने बताया कि पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित देशों में स्वामी विवेकानंद जी ने अपनी संस्कृति, सभ्यता, अध्यात्म के विषय को प्रभावित ढंग से रखा और दुनिया में इसे प्रभावी ढंग से रखा। अपने आत्मीय संबोधन में इन्होंने दुनिया को भाई चारा, अध्यात्म, से जुड़ने को एक रास्ता दिखाया।

## गांधी शास्त्री जयन्ती पर स्वच्छता का पाठ पढ़ाया



शिशु विद्या मंदिर बड़गांव गोण्डा, के विधालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के दितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मोत्सव समारोह उल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्टगान के साथ हुआ।, राष्ट्रीय उदघोष के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ वाणी वन्दना के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन आचार्या दीदी श्रीमती संतोष सिंह जी ने किया । अतिथि परिचय विधालय के प्रधानाचार्य श्री मंगली प्रसाद तिवारी जी ने कराया। स्वागत गान के पश्चात बहन आकांक्षा ने भजन प्रस्तुत किया। विधालय के वरिष्ठ आचार्य श्री राम ज़ी तिवारी ने गांधी एवं शास्त्री जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री राजा बाबू ज़ी ने सभी से जीवन में अहिंसा और सादगी अपनाने का व्रत लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अन्त में वरिष्ठ आचार्य आचार्या दीदी श्रीमती गायत्री ज़ी ने आये हुए अतिथियों, आचार्य, आचार्या बन्धु भगिनी के प्रति आभार व्यक्त किया। शान्ति मंत्र के पश्चात भैया बहनों व आचार्य आचार्या बन्धु भगिनी ने स्वच्छाजलि अभियान के अन्तर्गत विधालय परिसर में साफ़ सफाई कार्य किया। अन्त में प्रसाद वितरण के पश्चात् भैया बहनों का अवकाश कर दिया गया।

# लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी जयन्ती की झलकिंया





सरस्वती विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय, सेक्टर क्यू, अलीगंज लखनऊ





सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, इन्दिरा नगर, लखनऊ





विवेकानन्द शिशु कुन्ज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, एन.टी.पी.सी. टाण्डा





सरस्वती शिशु मन्दिर, पुरवारी टोला बिसवां






गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल





सरस्वती विद्या मन्दिर, पलिया






पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज (यू.पी.बोर्ड), लखीमपुर





सरस्वती विद्या मन्दिर, बड़गांव, गोण्डा






सरस्वती शिशु/विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर, अयोध्या





जय बजरंग इण्टर कालेज, अम्बेडकर नगर







**भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश**
**अवध प्रान्त**